मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित,
मुख्यालय, टी.टी. नगर, भोपाल
Website: www.apexbankmp.in Tel No. 0755-3545720

क्रमांक/मप्र(मुख्या)/13/कैडर/प्रसं/1685 भोपाल, दिनांक – 07/11/2024

जाहिर सूचना

(कैडर अधिकारियों के 95 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के संबंध में)

म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, मुख्यालय, भोपाल (अपेक्स बैंक) में कैडर सेवा के अन्तर्गत कुल 95 कैडर अधिकारी (अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के 15 पद, प्रबंधक– लेखा के 34 पद, प्रबंधक–प्रशासन के 34 पद एवं नोडल अधिकारी के 12 पद) के रिक्त पदों पर भर्ती आई.बी.पी.एस. मुबंई से करने हेतु समाचार पत्रों में दिनांक 06.08.2024 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

2. बैंक प्रबंधन द्वारा लिये गये निर्णयानुसार ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 05.09.2024 तक प्राप्त आवेदनों (पद/श्रेणीवार) के संबंध में बैंक सेवानियम/विज्ञापन में निहित शर्त कि–"प्रत्येक विज्ञप्त पद के विरूद्ध 10 गुना उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त होने पर ही उस पद पर परीक्षा का आयोजन किया जावेगा। किन्तु विज्ञापित पद के विरूद्ध 10 गुना आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में प्राप्त हुए आवेदन की संख्या के अनुपात में पदों की संख्या को कम कर तदानुसार उतने विज्ञापित पद पर लिखित परीक्षा आयोजित किये जाने की कार्यवाही की जा सकेगी" के अनुसार अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अंतर्गत अन्य पिछडा वर्ग (OBC) के विज्ञप्त 04 पदों के विरूद्ध कुल 27 आवेदन ही प्राप्त होने से विज्ञप्त 04 पदों में से 02 ही पदों पर एवं नोडल अधिकारी के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति (ST) के विज्ञप्त 02 पदों के विरूद्ध कुल 15 आवेदन ही प्राप्त होने से विज्ञप्त 02 पदों में से 01 ही पद पर भर्ती की कार्यवाही की जा रही है।

3. अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के विज्ञप्त 02 पद (03 आवेदन प्राप्त)/अनुसूचित जनजाति (ST) के विज्ञप्त 03 पद (02 आवेदन प्राप्त)/PwBD श्रेणी में HI के विज्ञप्त 01 पद (01 आवेदन प्राप्त), प्रबंधक लेखा के अंतर्गत PwBD श्रेणी में VI के विज्ञप्त 01 पद (06 आवेदन प्राप्त) एवं प्रबंधक प्रशासन के अंतर्गत PwBD श्रेणी में HI के विज्ञप्त 01 पद (04 आवेदन प्राप्त)/MD के विज्ञप्त 01 पद (03 आवेदन प्राप्त) के विरूद्ध विज्ञापन की निहित शर्त अनुसार प्रत्येक विज्ञप्त पद के विरूद्ध 10 गुना आवेदन प्राप्त नहीं होने से इन पदों पर ऑनलाईन परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकेगी। इसलिए संबंधित आवेदकों से प्राप्त परीक्षा शुल्क की राशि उन्हें आई.बी.पी.एस. मुम्बई के माध्यम से शीघ्र ही वापस प्रेषण की जा रही है।

इस प्रकार निहित शर्त अनुसार आवेदन प्राप्त होने से शेष विज्ञप्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जा रही है।

प्रभारी प्रबंध संचालक

Madhya Pardesh Rajya Sahakari Bank Mydt.
* BHOPAL *